Regarding the demolition of a journalists house

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **(**श्रीनगर**) :** माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले जम्मू के कुलदीप शर्मा जी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, जिनके मुस्लिम हमसाया अरफाज अहमद का घर गिराया गया, नाजायज तरीके से गिराया गया। कुलदीप शर्मा जी ने नुकसान को कम्पनसेट करने के लिए अपनी मिल्कियत में से जमीन डोनेट की, मैं उनका तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने दिखाया कि कितना भी यहां जहर घोला जाए, हम अभी भी एक है और हमेशा एक रहेंगे।

माननीय सभापति **:** किसका घर गिराया है?

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **:** सभापति महोदय, अरफाज अहमद नाम के जनर्लिस्ट का घर बिना प्रोसिजर, बिना नोटिस और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के गिराया गया । एक मुसलमान हमसाया का घर गिराया गया, एक जनर्लिस्ट का घर गिराया गया । मैं यही सवाल करना चाहता हूं कि किस कानून और प्रोसिजर से घर गिराया गया? ...

माननीय सभापति: आप सीएम और गवर्नर का नाम नहीं ले सकते हैं ।

माननीय सभापति: आप पन्द्रह सेंकड में अपनी बात कम्प्लीट कीजिए ।

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **:** सभापति महोदय, मैं सिर्फ इतना पूछना चाहता था कि मुल्क कानून से चलेगा या...

माननीय सभापति: यह गलत है, It should be expunged from the proceedings.

HON. CHAIRPERSON: Shri Aga Syed Ruhullah, please complete your rest of the speech within 15 seconds.

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **:** महोदय, मैं केवल इतना पूछना चाहता था कि क्या यह मुल्क कानून से चलेगा या

माननीय सभापति**:** नहीं, यह गलत है। This should be expunged from the proceedings.